**क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर**
पं0 सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(नैक द्वारा ग्रेड A+ प्रदत्त)
बीएसएनएल आफिस के पीछे, नयापारा, जगदलपुर, फोन नं. 07782–225202

# एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला

पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के क्षेत्रीय केन्द्र जगदलपुर के बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में स्थापित सभी अध्ययन केन्द्र व उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर के सभी अध्ययन केन्द्रों के सहायक समन्वय व सहायकों की क्षमता विकास हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । दिनांक 12 जून 2023 को प्रातः 11.00 बजे से संध्या 5.00 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर में संपन्न हुई ।

## रिपोर्ट –

12 जून 2023 को जगदलपुर क्षेत्रीय केन्द्र में एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया था । जिसमें विश्वविद्यालय के मान. कुलसचिव महोदया डॉ. इंदू अनंत व आर.एस.डी. प्रमुख डॉ. एम.एल. चंद्राकर क्षेत्रीय केन्द्र जगदलपुर के क्षेत्रीय निदेशक एस.पी. तिवारी व उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर के डी.एल. पटेल एवं क्षेत्रीय केन्द्र जगदलपुर के व उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर से सभी प्रतिभागी अपने–अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने उपस्थित थे ।

कार्यशाला की शुरूआत में सबसे पहले जगदलपुर क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक श्री एस.पी. तिवारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को पुष्प भेट कर स्वागत सत्कार किया। सबसे पहले कुलसचिव महोदया द्वारा अपने संबोधन में समस्त प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन किया एवं जिन अध्ययन केन्द्रों में प्रवेश संख्या में कमी है उनकी आलोचना भी की गई एवं सभी अध्ययन केन्द्रों में छात्र संख्या बढ़ाये जाने का उपाय भी बताया गया ।

मान. कुलसचिव महोदया द्वारा अपने उद्बोधन में सबसे पहले नैक प्रत्यायन में **ए प्लस** आने के लिए सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासो के लिए धन्यवाद दिया गया । तत्पश्चात सभी कर्मचारियों से उनके अध्ययन केन्द्रों में होने वाले एडमिशन के लिए छात्र संख्या बढ़ाने हेतु एक लक्ष्य निर्धारण कर उसे किस तरह सफल बनाया जाये उसके बारे में बताया गया । साथ ही निर्धारित लक्ष्य को सफल करने पर उनको प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने की बात कही । डॉ. एम.एल. चंद्राकर द्वारा अपने विश्वविद्यालय एवं उसके सभी कोर्सेस की जानकारी दी । क्षमता विकास कार्यशाला में कुल 25 सदस्य उपस्थित थे ।

**कार्यशाला से प्राप्त परिणाम –**

1. विद्यार्थियों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि की जानकारी । अधिक से अधिक नामांकन के लिए प्रयास करें। शालाओं में जा कर विद्यार्थियों को मुक्त विश्विद्यालय के पाठ्यक्रमों के विषय में बतलाते हुए नामांकन हेतु प्रेरित करें ।
2. अध्ययन केन्द्र के बोर्ड / बैनर आदि पर नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्रदत्त लिखवाये जाने की जानकारी एवं इस कार्य हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित राशि प्रदान की जायेगी ।
3. अन्य विश्वविद्यालयों के विभिन्न पाठयक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समतुल्य पाठयकमों में अपनी वर्तमान डिग्री / डिप्लोमा की पढ़ाई भी कर सकेंगे । इस हेतु विश्वविद्यालय का दिशा–निर्देश प्रसारित किया जावेगा ।
4. विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्ति की दिशा में बेहतर आयाम प्रदान करने हेतु जानकारी ।

For, Savita

क्षेत्रीय समन्वयक
पं0 सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि0वि0,
जगदलपुर, बस्तर

**क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर**
पं0 सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(नैक द्वारा ग्रेड A+ प्रदत्त)
बीएसएनएल आफिस के पीछे, नयापारा, जगदलपुर, फोन नं. 07782–225202

# निरिक्षण

प्रमाणित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के द्वारा दिनांक 03.09.2024 में क्षेत्रीय कार्यालय का निरिक्षण किया एवं क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर के कर्मचारियों का ऑफलाईन व अध्ययन केन्द्र के कर्मचारियों का आनलाईन मोड पर बैठक लिया गया ।

इस बैठक में अध्ययन केन्द्रों से जुड़े समस्याओं एवं प्रवेश बढ़ाने के लिए और प्रयास करने एवं अध्ययन केन्द्रों के बिल्डिंग के रख–रखाव पर चर्चा एवं निराकरण पर विस्तृत चर्चा हुई । प्रवेश संबंधी जानकारी एवं समझाईस भी दी गई ।

इस बैठक में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय एवं माननीय कुल सचिव महोदय व डॉ. एम.एल चंद्राकर जी, डॉ. शोभित वाजपेयी जी, डॉ. मनीष साव जी, एवं डॉ. एम.डी. त्रिपाठी जी उपस्थित थे ।

सहा0 क्षेत्रीय समन्वयक
पं0 सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि0वि0,
जगदलपुर, बस्तर

<u>प्रतियोगिता प्रतिवेदन</u>

## पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

### क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, कांकेर

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा **''पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्या देवी होल्कर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व''** विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का प्रथम चरण विगत सप्ताह (14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर के मध्य) अध्ययन केंद्र स्तर पर आयोजित हुआ। ये प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय केद्रं जगदलपुर एवं उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर के अंतर्गत 14 अध्ययन केन्द्रों में आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास की महान नारी, राजमाता अहिल्या देवी होल्कर के जीवन और कार्यो से परिचित कराना था। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया था। प्रथम वर्ग में माध्यमिक स्तर पर कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने निबंध और भाषण प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने राजमाता अहिल्या देवी के प्रेरणादायी जीवन, उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधार कार्यों और उनकी दानशीलता पर विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों में राजमाता के चरित्र की महानता और उनके द्वारा किए गए लोक–कल्याणकारी कार्यों पर जोर दिया।

द्वितीय वर्ग मे ं (उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर) कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस वर्ग में प्रतिभागियों ने अधिक गहराई से राजमाता अहिल्या देवी होल्कर के नेतृत्व और उनके शासनकाल के महत्व पर चर्चा की। इस वर्ग के प्रतिभागियों ने उनके द्वारा महिलाओं के उत्थान, समाज सुधार और जनता के हित में किए गए कार्यो पर विस्तृत विश्लेषण किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसमें उनके शासन के दौरान किए गए सांस्कृतिक और धार्मिक सुधारों पर विशेष ध्यान दिया गया।

तृतीय वर्ग में महाविद्यालय स्तर पर स्नातक (यू.जी) और स्नातकोत्तर (पी.जी) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में इस वर्ग के प्रतिभागियों ने राजमाता अहिल्या देवी होल्कर के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, जैसे कि उनका न्यायप्रिय शासन, उनके द्वारा समाज में आर्थिक और सांस्कृतिक सुधार और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य। प्रतिभागियों ने राजमाता के कार्यो को आधुनिक संदर्भो से जाड़ते हुए उनके नेतष्व के गुणों का वर्णन किया।

इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों में शोध करने, आत्म–विश्वास से अपने विचार प्रस्तुत करने और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को प्राप्त किया गया। प्रथम चरण के विजेताओं को अब क्षेत्रीय केंद्र, जगदलपुर के स्तर पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित होने वाले दूसरे चरण में भाग लेना होगा। इसके बाद, दूसरे चरण के विजेता 26 नवम्बर 2024 को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले अंतिम चरण में प्रतिस्पर्धा करेगें। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास की इस महान नारी के योगदान और संघर्षो से प्रेरित करना था। प्रतिभागियों के उत्साह और विचारशील प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को सफल बनाया।

इस प्रकार, पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास का माध्यम बनी बल्कि युवाओं में समाजसेवा, नेतृत्व और ऐतिहासिक समझ को विकसित करने का एक प्रेरणादायी प्रयास साबित हुई।

सहा0 क्षेत्रीय निदेशक<br>
पं0 सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि0वि0,<br>
जगदलपुर, बस्तर